एक नजर में

गन्ना मूल्य को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

गोला गोकर्णनाथ खीरी। मंगलवार को मासिक पंचायत के अंतर्गत भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने अपने पदाधिकारियों एवं किसान कार्यकर्ताओं के साथ तहसील में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार दीपक कुमार सिंह को सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने कहा कि जब चीनी का भाव ?35 प्रति किलो था, तब गन्ने का मूल्य ?400 प्रति कुंतल था। चीनी का भाव बढ़कर ?65 प्रति किलो तक पहुंच गया है, लेकिन किसानों के गन्ने के मूल्य में अपेक्षित वृद्धि नहीं की गई है। ऐसे में गन्ने का मूल्य कम से कम ?600 प्रति कुंतल किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि कृषि यंत्र, डीजल, खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयां और खेती की लागत लगातार महंगी होती जा रही है। इसके बावजूद किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। चीनी मिलों का पेराई सत्र भी शुरू हो चुका है, इसलिए सरकार से मांग है कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए तत्काल गन्ने का मूल्य ?600 प्रति कुंतल घोषित किया जाए। जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि किसान अब अपनी फसल का उचित मूल्य चाहता है। किसानों की मेहनत और बढ़ती लागत को देखते हुए सरकार को गन्ना मूल्य वृद्धि पर तत्काल निर्णय लेना चाहिए। इस अवसर पर जिला महासचिव रेशम सिंह संजीव सिंह राजेश शुक्ला अनुराग मिश्रा मोहम्मद उस्मान अनिल वर्मा सतपाल सिंह राहुल वर्मा हरबंस सिंह नैमिष मिश्रा, गौतम, इरफान, कमलेश कुमार, आदि किसान मौजूद रहे।

गोला में 5 बेटियों का होगा कन्यादान

गोला गोकर्णनाथ खीरी। मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए लखदातार मित्र मंडल सेवा समिति इस बार देवउठनी एकादशी के पावन पर्व को यादगार बनाने जा रही है। समिति के तत्वावधान में आगामी 20 नवम्बर को देवस्थान कंजा बरम बाबा में 5 निर्धन कन्याओं का भव्य सामूहिक विवाह समारोह अत्यंत धूमधाम एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित किया जाएगा।समिति के महामंत्री सुनील दीक्षित ने बताया कि इस पुनीत आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह संपन्न कराकर उनके जीवन में खुशियां लाना तथा समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवता का संदेश देना है। उन्होंने बताया कि विवाह समारोह में बारात स्वागत, प्रतिभोज, वर-वधू को आशीर्वाद एवं विदाई कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। पूरे दिन धाम में धार्मिक माहौल रहेगा।

45 वर्षीय अधेड़ का मिला शव

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोला देहात के मोहल्ला गांधीनगर स्थित एक राइस मिल के पास पानी से भरे गड्ढे में मंगलवार सुबह एक 45 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। इसी दौरान गोला के मोहल्ला ऊंची भूड़ निवासी अनुराधा वर्मा (पत्नी विनोद कुमार) ने मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान अपने भाई 45 वर्षीय अरुण वर्मा (निवासी ग्राम मुगल खेड़ा, थाना हैदराबाद) के रूप में की। परिजनों के अनुसार, मृतक अविवाहित था और उसे नशे की लत थी। मामले पर जानकारी देते हुए उप निरीक्षक हेमंत कटियार ने बताया कि मृतक की बहन अनुराधा वर्मा ने किसी भी प्रकार की आशंका से इनकार करते हुए पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है और केवल पंचनामा कराने के लिए पुलिस को लिखित तहरीर दी है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

मलेशिया से गांव पहुंचा पार्थिव शरीर



लखीमपुर खीरी। विधानसभा धौरहरा के ग्राम दरिगापुर निवासी जयपाल के सुपुत्र स्व. पिंटू का पार्थिव शरीर पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र %टेनी% एवं डॉ. रमारमण मिश्रा के प्रयासों से मलेशिया से भारत वापस लाया गया। मगलवार को धौरहरा क्षेत्र के ग्राम दरिगापुर पहुंचकर डॉ. रमारमण मिश्रा ने दिवंगत पिंटू के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं। डा. रामा रमण मिश्रा जनपद खीरी में वरिष्ठ सर्जन है। वर्तमान में लखीमपुर शहर के नौरंगाबाद में रघुनाथ हॉस्पिटल के नाम से हॉस्पिटल संचालित है। श्री रामा रमण ने कहा इस दु:ख की घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ? शांति।

दो बीडीओ के कार्यक्षेत्र बदले, आठ बीडीओ मिली नई तैनाती

लखीमपुर खीरी। दो बीडीओ के कार्यक्षेत्र बदलें, आठ बीडीओ को मिली नई तैनाती। गैर जनपद से आए अलोक कुमार पंकज को बीडीओ पलिया, राहुल सागर को बीडीओ निघसान, अनिश मणी पाण्डेय को बीडीओ रमियाँबेहढ, रजनीश शुक्ला को बिजुवा, संदीप कुमार तिवारी को बीडीओ लखीमपुर से बीडीओ मोहम्मदी, सर्वेश कुमार तिवारी को बीडीओ धौरहरा से स्थानांतरण कर बीडीओ फूलबेहढ, प्रवीण को बीडीओ पसगवां, शिवाकिंत वर्मा को बीडीओ लखीमपुर, आदिती श्रीवास्तव को बीडीओ नकहा , गैर जनपद से आये संदीप मिश्रा को धौरहरा का बीडीओ बनाया गया है। इस संदर्भ में गजेंद्र प्रताप सिंह डीडीओ खीरी ने बताया कि दो बीडीओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। गैर जनपद से आए आठ नए बीडीओ की नई तैनाती की गई है।

बाइक से जा रहे एक ही परिवार के चार लोग घायल

लखीमपुर खीरी। एक बाइक पर परिवार के पांच लोग सवार होकर कहीं जा रहे थे। बाइक का संतुलन बिगड़ने से हुई दुर्घटना में एक बच्चे सहित परिवार के चार अन्य सदस्य घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने तीन गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर पर कर दिया, जबकि चार वर्षीय बच्चे को मृत घोषित कर दिया। फरधान थाना क्षेत्र के गांव मूडा बुजुर्ग निवासी सौरभ गिरि (38), सीपू गिरि (37), सुनीता गिरि (35), नेहा गिरि (6) और आयुष गिरि (4) एक ही बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। सड़क पर बाइक गिर जाने से सभी लोग गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी गोला भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर सौरभ, सीपू और सुनीता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने आयुष को मृत घोषित कर दिया।

मूल तहरीर बदलकर मुकदमा दर्ज करने का आरोप, डीजीपी से शिकायत

पाटन, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के करनाईपुर गांव निवासी महिला ने जेवर चोरी के मामले में मूल तहरीर में बिना सहमति बदलाव कर मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने डीजीपी को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।संगीता देवी पत्नी रामकिशुन के मुताबिक, तीन अप्रैल 2026 को घर का ताला खोलकर बक्से में रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए गए थे। इनमें झुमके, टॉप्स, मंगलसूत्र, पायल और कमरपट्टा शामिल थे। उन्होंने 30 मई को थाने में शिकायत दी थी। आरोप है कि पूछताछ के दौरान स्मिता ने चोरी की बात स्वीकार करते हुए जेवर अपने प्रेमी सुशील कुमार को देने की बात कही थी। महिला का आरोप है कि 11 अगस्त को थाने बुलाकर पुलिसकर्मी ने बिना प्रार्थना पत्र पढ़कर सुनाए हस्ताक्षर करा लिए। बाद में पता चला कि मुकदमा अपराध संख्या 0151 में स्मिता का नाम हटाकर केवल सुशील कुमार को आरोपी बनाया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने मूल तहरीर और बाद में हस्ताक्षर कराए गए प्रार्थना पत्र का मिलान कराकर जेवर बरामद करने तथा सभी आरोपितों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है।

रोजगार मेले में 277 अवसर, 20 से अधिक कंपनियों ने की भागीदारी



मोहान, उन्नाव। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत मंगलवार को रामसिंह लालता सिंह इंटर कॉलेज, छोटा खेड़ा, न्योतनी में जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 20 से अधिक कंपनियों ने भाग लेकर युवाओं के लिए 277 से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराए। चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर भी वितरित किए गए।मेले का शुभारंभ मोहान विधायक बृजेश कुमार रावत ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने युवाओं से रोजगार के अवसरों का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चंद्रा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

सहायक सेवायोजन अधिकारी आस्था सिन्हा ने रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई। अनुपम सिंह ने अभ्युदय और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। मेले में सिक्योरिटी गार्ड, इलेक्ट्रिशियन, सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, लोन एडवाइजर, सेल्स एवं मार्केटिंग प्रतिनिधि और ट्रेनी ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर अवसर उपलब्ध कराए गए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक आनंद कुमार सिंह, प्रधानाचार्य हरिलाल सिंह और सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

गोकुल बाबा मेले में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच



मगरवारा, उन्नाव। स्थानीय गोकुल बाबा मेले में मंगलवार को परंपरागत दंगल का आयोजन हुआ। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित अन्य प्रांतों से आए पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए।ऽ ब्रह्मचर्य श्रृंखलदह—>स्नष्टमी तिथि पर मंदिर परिसर के पास श्री गोकुल बाबा दंगल कमेटी के तत्वावधान में अंतरदंगल आयोजित किया गया। इसमें हरिद्वार के स्टील बॉडी और शाहजहांपुर के रामू पहलवान के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इसके बाद मसवासी के अमन पहलवान और कौशांबी के पहलवान के बीच जोरदार कुश्ती हुई। निर्णायक मंडल में सुघर पहलवान और मनोज पहलवान शामिल रहे। इसके अलावा मसवासी, औरैया, बीघापुर समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों और अन्य जनपदों से आए पहलवानों ने भी दमखम दिखाया। आयोजन में पूर्व प्रधान डॉ. ओमप्रकाश पाल, सुघर पहलवान, विपुल सिंह, विनीत सिंह, सूरज, महावीर सिंह चंदेल, रिंकू सिंह सेंगर, बउआ यादव, भूरा पहलवान, राम कृपालु और रोहित रावत सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मगरवारा चौकी प्रभारी रविशंकर पांडेय, सिपाही अंकेश सहित पुलिस बल तैनात रहा।

युवक टॉवर पर चढ़ा

शुक्लागंज, उन्नाव। इंदिरा नगर निवासी सेवानिवृत्त होमगार्ड जगदीश का बेटा शंकर सोमवार रात करीब दस बजे रविदास पार्क के पास काली जी मंदिर वाली गली में स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। युवक को टॉवर पर चढ़ता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया और नीचे उतरने को कहा, लेकिन नशे में होने के कारण वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई।सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची और युवक को उतारने का प्रयास किया। कुछ देर बाद बालूघाट चौकी प्रभारी अरुण कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने समझाने-बुझाने का प्रयास किया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।



विनय सिंह ने वेदांतापुरम कालोनी के सभी के लिये सुख, समृद्धि व पुत्र की लम्बी आयु की कामनाओं के साथ छठ व्रत पूर्ण किया और सभी लोगों के बीच में छठ माता के प्रसाद का वितरण किया।

कंपोजिट विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू



धौरहरा खीरी। कंपोजिट विद्यालय धौरहरा में अर्धवार्षिक परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित समय सारिणी के अनुसार शुरू हो गया है।परीक्षा के पहले दिन छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। विद्यालय में दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई गई, जिसमें कक्षा छह, सात और आठ के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों के प्रश्नपत्र हल किए।पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित हुई। इसमें कक्षा छह के विद्यार्थियों ने हिंदी तथा कक्षा सात और आठ के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान विषय की परीक्षा दी। वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक संपन्न हुई। इसमें कक्षा छह, सात और आठ के विद्यार्थियों ने संस्कृत विषय का प्रश्नपत्र हल किया।परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि उत्तर पुस्तिकाओं (कॉपियों) की व्यवस्था विद्यालय के शिक्षकों ने अपने स्तर से की है। शिक्षकों की निगरानी में परीक्षा प्रक्रिया संपन्न कराई गई।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजोले,प्रदीप दीक्षित,जुबेर, रामलखन ,नूरुल हसन रानी,कंचन रेशमा एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों ने परीक्षा व्यवस्था पर नजर रखते हुए छात्र-छात्राओं को अनुशासित और शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दिलाई।

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

उन्नाव। शराब पीने के लिए रुपये मांगने को लेकर पत्नी से हुए विवाद के बाद युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। देर रात खेत से घर लौटी पत्नी ने पति का शव साड़ी के फंदे से लटकता देखा तो चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर पहुंचे छोटे भाई ने शव नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

क्षेत्र के मर्दनपुर गांव निवासी संतोष लोधी (35) पुत्र स्व. मनोहर मजदूरी करता था। बताया गया कि सोमवार देर शाम उसने शराब पीने के लिए पत्नी श्रीकांति से रुपये मांगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद श्रीकांति धान की कटाई करने मजदूरी पर खेत चली गई। देर रात घर लौटने पर उसने कमरे में धन्नी के सहारे साड़ी के फंदे से पति का शव लटका देखा। उसकी चीख सुनकर पास के घर में रहने वाला संतोष का छोटा भाई शिवकुमार पहुंचा ।

16 दिसंबर तक दर्ज होंगी दावे-आपत्तियां



लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जनपद की आलेख्य मतदाता सूची-2027 का प्रकाशन कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम अंजनी कुमार सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के अनुसार जनपद की आठ विधानसभा क्षेत्रों में कुल 25,73,725 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 14,01,921 पुरुष, 11,71,749 महिला और 55 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। जिले में कुल 1649 मतदान केंद्र तथा 3287 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। 16 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे-आपत्तियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 नवंबर को आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इनका निस्तारण 28 दिसंबर तक पूरा कराया जाएगा। इसके बाद चार जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। चार दिन लगेंगे विशेष मतदाताओं की सुविधा और अधिकाधिक पात्र नागरिकों का नाम सूची में शामिल कराने के उद्देश्य से 21 व 22 नवंबर तथा 28 व 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से इन विशेष शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने की अपील की, ताकि अभियान की जानकारी प्रत्येक अर्ह नागरिक तक पहुंच सके।उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से विधानसभा क्षेत्रवार अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की सूची उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके।

वेबसाइट पर देख सकेंगे मतदाता सूची

जनपद की आलेख्य मतदाता सूची-2027 आमजन के अवलोकन के लिए जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। नागरिक https:// kheri.nic.in/ पर जाकर मतदाता सूची देख सकते हैं।

एक नजर में

जनता अपने स्वाभिमान और क्षेत्र के विकास के प्रति जागरूक रहे: अजय मिश्र

बीघापुर, उन्नाव। **भाजपा के पूर्व लोकसभा पालक अजय मिश्र** एडवोकेट ने कहा कि चुनाव के दौरान मिलने वाले उपहार और नेताओं के कार्यक्षेत्र क्षेत्र के विकास के लिए नहीं, बल्कि निजी स्वार्थ के लिए होते हैं। जनता को जागरूक रहना होगा, अन्यथा पांच साल पछताना पड़ेगा।वह भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के ओसियां स्थित आनंदी देवी मंदिर परिसर में आयोजित अकालबोधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों से क्षेत्र की जनता को बार-बार छला गया है। करोड़ों रुपये खर्च कर जनता को लुभाने वालों के इरादों पर विचार करना चाहिए। जनता के स्वाभिमान की कीमत मिठाई के डिब्बे और कंबल नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि जातिवाद के सहारे क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। जनता को ऐसे योग्य जनप्रतिनिधि चुनने चाहिए, जो क्षेत्र की मिट्टी से जुड़े हों और उसके विकास के लिए संघर्ष करें। अजय मिश्र ने प्रदेश में योगी सरकार की आवश्यकता बताते हुए कहा कि भाजपा को हर सीट पर जीत दिलाना जरूरी है, ताकि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनी रहे।

ईश्वर की कृपा से मिलता है सबका प्रेम- ज्ञानेश असोहा

उन्नाव। क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटी बीर बाबा मंदिर परिसर में चल रहे 11वें नौ दिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ के छठे दिन चित्रकूट से आए व्यास ज्ञानेश जी ने रामकथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जिस पर भगवान की कृपा होती है, उस पर संसार के सभी लोग प्रेम और कृपा बरसाने लगते हैं। मनुष्य को भविष्य और अनहोनी की चिंता छोड़कर ईश्वर पर विश्वास रखना चाहिए।उन्होंने रामचरित मानस की व्याख्या करते हुए कहा कि मानस केवल पवित्र ग्रंथ नहीं, बल्कि मन का मानसरोवर है। जिस प्रकार मानसरोवर में हंस और कमल होते हैं, उसी प्रकार मनुष्य के हृदय में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का वास होता है। इस दौरान आयोजक भाजपा नेता संजय शुक्ल ने करीब 50 पत्रकारों सहित गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न और पौधे देकर सम्मानित किया। उन्होंने लोगों से पौधारोपण अभियान में सहयोग करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए दूसरों को प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम में सरोज सिंह, नवीन दुबे, श्यामपाल सिंह, पथिक पांडेय, देवा सोनकर, मो. अदीब, प्रवीण शुक्ल सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

आग से तीन लोग झुलसे, एक भैंस की मौत

बीघापुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के मंझा मजरा दूलीखेड़ा गांव में मंगलवार सुबह अचानक छप्पर में आग लगने से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। आग की चपेट में आने से दो भैंस भी झुलस गईं, जिनमें एक की मौत हो गई।गांव निवासी वीरेंद्र पुत्र विंध्येश्वरी सोमवार रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद सो गए थे। मंगलवार सुबह अचानक घर में रखे छप्पर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर वीरेंद्र, उनकी पत्नी गीता (48) और पुत्र अंकित (17) झुलस गए। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने ट्यूबवेल और हैंडपंप की मदद से आग पर काबू पाया। अंकित को फत्तेहपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आग से घर में रखा खाद्यान्न, कपड़े और दो बाइक जलकर नष्ट हो गईं। सूचना पर पहुंचे लेखपाल आनंद सिंह ने नुकसान का आकलन किया। उन्होंने करीब ढाई लाख रुपये की संपत्ति जलने और एक भैंस की मौत की जानकारी दी। एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट मिलते ही पीड़ित परिवार को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

भाकियू ने सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

पुरवा, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन (भारत का किसान संगठन) के पदाधिकारियों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की। साथ ही मांगों पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।ज्ञापन में साधन सहकारी समितियों पर बुवाई के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने, जंगली सूअर, बंदरों और आवारा गोवंश से फसलों की सुरक्षा तथा रबी फसल की सिंचाई के लिए नहरों की सिल्ट सफाई कर माइनरों में पानी छोड़ने की मांग की गई।

मां की जमीन फर्जी लोगों के नाम दर्ज करने का आरोप

पुरवा, उन्नाव। असोहा क्षेत्र के गोमापुर गांव में मां की मौत के बाद उनके नाम दर्ज भूमि को कथित रूप से फर्जी लोगों के नाम विरासत दर्ज करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। डीएम ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।लखनऊ के भोलाखेड़ा-मानस नगर निवासी प्रेमशंकर के मुताबिक, उनकी मां कौशल्या देवी ने 30 जनवरी 2009 को गोमापुर निवासी रामप्यारी से 1/3 हिस्से की कुल 2.908 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। तभी से उनका परिवार भूमि पर काबिज होकर खेती करता आ रहा है। आरोप है कि मां की मृत्यु के बाद वारिसों ने जब भूमि का वरासत कराने की प्रक्रिया शुरू की तो 10 फरवरी 2025 को जानकारी हुई कि असोहा के नायब तहसीलदार ने उनकी मां के स्थान पर फर्जी लोगों के नाम दर्ज कर दिए हैं। पीड़ित का कहना है कि संबंधित पत्रावली की जानकारी नहीं मिलने से वह पैरवी भी नहीं कर पा रहे हैं। तीन दिसंबर को शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। अब जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार

उन्नाव। आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में वांछित चल रहे पिता-पुत्र को फत्तेहपुर चौरासी पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को उन्नाव-बांगरमऊ मार्ग स्थित गाजीखेड़ा मोड़ के पास से पकड़ा।पुलिस के अनुसार, थाना फत्तेहपुर चौरासी में दर्ज मुकदमा संख्या 355/26 की धारा 108/3(5) बीएनएस के तहत उत्तमानपुर निवासी दुलारे (65) पुत्र स्व. कल्लू और उसका बेटा हुकुमचन्द्र वांछित थे। मंगलवार को उपनिरीक्षक दिनेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार पिता-पुत्र को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

न्यायालय के आदेश के बावजूद नौ बीघा धान काट ले जाने का आरोप

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के मूरतपुर मजरा चौनपुर में न्यायालय के आदेश के बावजूद खेत में खड़ी नौ बीघा धान की फसल जबरन काटकर ले जाने और हत्या के प्रयास का आरोप लगा है। 72 वर्षीय वृद्ध ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर पांच नामजद समेत 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।भगवंतनगर वार्ड छह निवासी समरेन्द्र बहादुर सिंह के मुताबिक, मूरतपुर में गाटा संख्या 743, 1348, 1306 और 1307 में उनकी करीब नौ बीघा कृषि भूमि है। भूमि विवाद को लेकर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में वाद दायर है। 21 अक्टूबर 2026 को न्यायालय ने विपक्षियों को उनके शांतिपूर्ण कब्जे में हस्तक्षेप न करने का आदेश दिया था। आरोप है कि 15 नवंबर की शाम राहुल सिंह, प्रकाशिनी की मिलीभगत से शिववीर उर्फ वीरू, सूरज सिंह, विकास सिंह और 10-15 अज्ञात लोगों ने कंबाइन से धान की फसल काट ली। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बाद में हथियारों से लैस लोग फार्च्यूनर से उनकी तलाश कर रहे थे। उन्होंने छिपकर जान बचाई। वृद्ध ने एसपी से फसल बरामद कराने, सुरक्षा देने और न्यायालय के आदेश का पालन कराने की मांग की है।

खाद की कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई- एसडीएम

बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में खाद की किल्लत, कालाबाजारी और नहरों में पानी न आने की समस्याओं को लेकर एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किसान नेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।बैठक में भारतीय किसान क्रांति यूनियन के प्रदेश महासचिव डॉ. बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि समितियों पर खाद के लिए किसानों को लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है। दलाल किसानों का शोषण कर रहे हैं। वहीं, नहरों में समय से पानी नहीं आ रहा है। बीज भंडारों पर 40 किलो की बोरी 1200 से 1500 रुपये तक बेची जा रही है। एसडीएम ने अपर जिला सहकारी अधिकारी को निर्देश दिया ।

सूचना

दिनांक 06/11/2026 को सायं लगभग 7:00 बजे, कानपुर से शुक्लागंज (गंगापुल के आसपास) आते समय मेरा बैग कहीं रास्ते में गिर गया है। बैग में बी0टी0सी0 (बैच 2013, उत्तीर्ण वर्ष- 2016) के चारों सेमेस्टर के मूल अंकपत्र क्रमशः प्रथम सेमेस्टर (30110034), द्वितीय सेमेस्टर (30210034), तृतीय सेमेस्टर (30310034), चतुर्थ सेमेस्टर (30410034) व प्रमाणपत्र रखे थे, जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिले हैं।**अरविन्द सिंह पुत्र श्री गया बक्श सिंह पता: ग्राम- पुरवा, पोस्ट- मिर्जापुर कलां,तहसील- हसनगंज, जनपद- उन्नाव**